वो कभी ना हारे | By Gopal Sharma Haare

वो कभी ना हारे जिसने किया विश्वास
ऐसे कुछ ना मिलेगा चाहे रख ले एक एक सांस

तू ना अकेला रोये दुनिया ये रोती है
दिल में भरोसा जिनके जीत उनकी होती है
बिना भरोसे करले चाहे तू लाखों उपवास
ऐसे कुछ ना मिलेगा चाहे रख ले एक एक सांस

चाहे जप करले चाहे तप करले
माला मनका से चाहे सारा तन भर ले
छप्पन भोग लगा ले फिर भी ना आये रास
ऐसे कुछ ना मिलेगा चाहे रख ले एक एक सांस

मीरा ने रिझाया नरसी ने रिझाया
योगी ये कैसे रिझाऊं जग को दिखाया
देख भरोसा कर ले है तेरे आस पास
ऐसे कुछ ना मिलेगा चाहे रख ले एक एक सांस

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%95%e0%a4%ad%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-gopal-sharma-haare/